<u>कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोरखपुर।</u>

<u>(केन्द्रीय नजारत अनुभाग)</u>

<u>नीलामी सूचना</u>

न्यायिक प्रतिष्ठान, गोरखपुर के अंतर्गत बाह्य न्यायालय, बांसगाँव में स्थित जीर्ण आवासीय भवन एवं इंद्राज भवन की नीलामी हेतु अधिकृत फर्मों से सीलबंद निविदा दिनांक 16.12.2021 के अपराह्न 12:00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी, परंतु उक्त भवनों की नीलामी हेतु नियत तिथि तक किसी भी बोलीदाता के उपस्थित न होने के कारण नीलामी नहीं हो सकी। उक्त के सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायिक प्रतिष्ठान, गोरखपुर के अंतर्गत बाह्य न्यायालय, बांसगाँव में स्थित जीर्ण आवासीय भवन एवं इंद्राज भवन की नीलामी हेतु अधिकृत फर्मों से सीलबंद निविदा दिनांक 07.01.2022 के अपराह्न 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा नीलामी न्यायालय परिसर स्थित सभागार में दिनांक 08.01.2022 को सायंकाल 04.30 बजे होना नियत की जाती है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नीलामी प्रक्रिया के नियम व शर्तें माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट **www.allahabadhighcourt.in** एवं जनपद न्यायालय, गोरखपुर की आधिकारिक वेबसाईट **https://districts.ecourts.gov.in/gorakhpur** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त नीलामी से सम्बन्धित अन्य विवरण न्यायालय के सूचना पट्ट अथवा केन्द्रीय नजारत से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है। केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया जाता है कि उक्त नीलामी में अधिक से अधिक निविदादाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु नीलामी सूचना को जनपद मुख्यालय के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों एवं प्रमुख समाचार-पत्रों में प्रकाशित किया जाये।

(सत्यानन्द उपाध्याय)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट सं.- 01
गोरखपुर।